पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में अंर्तमहाविद्यालयीन खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

आज दिनांक 27.02.2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में 05 दिवसीय अंर्तमहाविद्यालय खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, माननीय कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर, के मुख्य आतिथ्य, श्री प्रभात दुबे, प्रमंडल सदस्य के विशिष्ट आतिथ्य एवं डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर, की अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया। एवं विद्यार्थियों को अनुशासन एवं खेल भावना से खेलने हेतु शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की श्रृखंला में समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के उद्‌बोधन शुरू हुआ। उन्होनें अपने उद्‌बोधन में कार्यक्रम में प्रकाश पर डालते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम विश्वविद्यालय के अंतर्गत तीनों महाविद्यालयों (रीवा, महू, जबलपुर) के छात्र–छात्रों के मध्य फुटबाल, क्रिकेट, टग ऑफ वॉर, बेडमिंटन, खो–खों, शतरंज, केरम, एथलेक्टिस, टेबिल–टेनिस, बॉलीबॉल, भाला, तवा, गोला फेक, कबड्‌डी, इत्यादि खेलों एवं विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यक प्रतियोगिताएं जैसे पोस्टर बनाना, कोलॉज बनाना, चित्रकारी, अभिनय, स्किट, माइम, वाद–विवाद, क्ले मॉडिलिंग, प्रश्नोत्तरी, नृत्य, गान इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सभी विद्यार्थियों को खेलभावना एवं दल समांजस्य के साथ खेलने का आग्रह किया। तत्पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा मार्चफास्ट किया गया। इस कार्यक्रम की अधिकारिक शुरूआत गुब्बारे गुच्छ को गगन में छोड़कर की गई।

कार्यक्रम इसी श्रृंखला में डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय ने अपने उत्साहबर्धक उद्‌बोधन में कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए खेल अतिआवश्यक है, साथ ही इन्होनें खेल सफल संचालन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री प्रभात दुबे, प्रमंडल सदस्य, ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ खेल–कूद से विद्यार्थी का चहुंमुखी विकास होता है।

कार्यक्रम की कड़ी में मुख्य अतिथि डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, माननीय कुलपति जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि समस्त खिलाड़ियों को लगन, दृढ़निश्चय एवं टीम भावना से खेलने के लिए शुभ अशीष प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा दिया गया।

इस कार्यक्रम में खेल–कूद दलों के दल प्रबंधक, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. तैयबअली शेख, डॉ. अजय राय,एवं सांस्कृतिक एवं साहित्यक कार्यक्रमों के समन्वयक डॉ. अपरा शाही, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. जॉयशी जोगी, डॉ. पूनम शाक्या एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

अधिष्ठाता
पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय
जबलपुर